राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

हिंदी विभाग

Website : www.gpgcbazpur.in **E-mail : hindivibhag2@gmail.com**

सत्र : **2023-24**
कार्यक्रम का नाम : विदाई समारोह
दिनांक : **28-05-2024**

रिपोर्ट :

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में एम ए चतुर्थ सेमेस्टर, हिंदी के विद्यार्थियों को एम ए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा फेयरवेल पार्टी दी गई। फेयरवेल पार्टी से पूर्व एम ए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई। फेयरवेल पार्टी में अनौपचारिक वार्तालाप करते हुए प्राचार्य प्रो. केके पांडे ने कहा कि विद्यार्थियों के आगमन से महाविद्यालय आबाद रहता है। विद्यार्थी अधिकाधिक संख्या में आएँ और शिक्षा एवं कैरियर संबंधी तमाम सवाल, अपने शिक्षकों एवं मुझसे पूछा करें। प्राचार्य की सबसे बड़ी भूमिका भी यही होती है कि वह महाविद्यालय को अध्ययन-अध्यापन और नवाचार का केंद्र बनाएँ।

समाजशास्त्र विभाग के प्रो. अनिल कुमार सैनी ने जीवन संबंधी कई बातों पर जोर देते हुए कहा कि जीवन सीखने-सिखाने का नाम है, इसलिए निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ते रहें। निराशा को कदापि आने ना दें।

डॉ. खेमकरण 'सोमन' ने उन्हें भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएँ दी। कहा कि विद्यार्थी प्रायः नौकरी न मिलने से आत्महत्या कर अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं। वे खुशहाली का मापक ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाना, गाड़ी, मोबाइल खरीदना और अच्छी नौकरी मान बैठे हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोभ-लालच से बचकर अपनी प्रतिभा के अनुसार अपना भविष्य तय करें।

इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल, उजमा खाना, डॉ. मेहराज बानो, दिव्या, डॉ. ललित कुमार, डॉ. संगीता, बलविंदर, प्रभजीत कौर, पूजा जोशी, नेहा, रितिका, बली मोहम्मद, संतोष, सुषमा, गंगा, शैलेश पंत, वर्षा, सपना, रश्मि, और शिवम आदि उपस्थित रहे।

卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 229 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦30 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

एम ए चतुर्थ सेमेस्टर हिंदी के विद्यार्थियों को दी विदाई

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में एम ए चतुर्थ सेमेस्टर, हिंदी के विद्यार्थियों को एम ए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा फेयरवेल पार्टी दी गई। फेयरवेल पार्टी से पूर्व एम ए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई। फेयरवेल पार्टी में अनौपचारिक वार्तालाप करते हुए प्राचार्य प्रो. केके पांडे ने कहा कि विद्यार्थियों के आगमन से महाविद्यालय आबाद रहता है। विद्यार्थी अधिकाधिक संख्या में आएँ और शिक्षा एवं कैरियर संबंधी तमाम सवाल, अपने शिक्षकों एवं मुझसे पूछा करें। प्राचार्य की सबसे बड़ी भूमिका भी यही होती है कि वह महाविद्यालय को अध्ययन-अध्यापन और नवाचार का केंद्र बनाएँ। समाजशास्त्र विभाग के प्रो. अनिल कुमार सैनी ने जीवन संबंधी कई बातों पर जोर देते हुए कहा कि जीवन सीखने-सिखाने का नाम है, इसलिए निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ते रहें। निराशा को कदापि आने ना दें। डॉ. खेमकरण श्सोमनश ने उन्हें भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएँ दी। कहा कि विद्यार्थी प्राय: नौकरी न मिलने से आत्महत्या कर अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं। वे खुशहाली का मापक ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाना, गाड़ी, मोबाइल खरीदना और अच्छी नौकरी मान बैठे हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोभ-लालच से बचकर अपनी प्रतिभा के अनुसार अपना भविष्य तय करें। इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल, उजमा खाना, डॉ. मेहराज बानो, दिव्या, डॉ. ललित कुमार, डॉ. संगीता, बलविंदर, प्रभजीत कौर, पूजा जोशी, नेहा, रितिका,बली मोहम्मद, संतोष,सुषमा,गंगा,शैलेश पंत, वर्षा, सपना, रश्मि और शिवम आदि उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण– 30 **मई** 2024, **रूद्रपुर (जिला-ऊधम सिंह नगर) से प्रकाशित**